उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 28 अग्रहायण, शक संवत्, 1930

**( दिनांक : 19 दिसम्बर, 2008 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"** )।
2. निधन के निदेश।
3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
4. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
5. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
6. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
7. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।
8. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर विधेयक, 2008 पर विचार किया जाय। (1 घण्टा)
9. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर विधेयक, 2008 पारित किया जाय।
10. निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

| | |
|---|---|
| श्री चन्दन राम दास | ''यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि सैनिक स्कूल घोड़ाखाल जिला नैनीताल में उत्तराखण्ड का कोटा दुगुना किया जाय ताकि युवाओं में सेना में अधिकारी बनने की रूचि बढ़ सके।'' |

11. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 19 दिसम्बर, 2008**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## शुक्रवार, 28 अग्रहायण, शक संवत्, 1930

## ( दिनांक : 19 दिसम्बर, 2008 )

## नत्थी "क"

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>10–10–2008 | *1. | विधान सभा के द्वितीय सत्र 2006 के प्रथम बुद्धवार के लिए निर्धारित तारांकित प्रश्न संख्या 5 के उत्तर के संदर्भ में क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधिक परीक्षण एवं राय प्राप्त करने की कार्यवाही के परिणाम क्या है तथा एडसिल पर मुकदमा दायर करने की दिशा में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>15–10–2008 | *2. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चालू वर्ष में स्थानान्तरण नीति बनाने से पूर्व स्थानान्तरण किये गये? यदि हाँ, तो स्थानान्तरण करने के क्या कारण हैं एवं इसके लिए कौन दोषी है? क्या सरकार नियम विरूद्ध किये गये स्थानान्तरण रद्द कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>15–10–2008 | *3. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग द्वारा रेडक्रॉस की मद में वसूले गये रू0 11.5 करोड़ की राशि रेडक्रॉस सोसाइटी को हस्तांतरित कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>15–10–2008 | *4. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शिक्षा विभाग के शिक्षकों से शैक्षिक कार्यों के अतिरिक्त भी कार्य लिये जाते हैं? यदि हाँ, तो उनकी प्रकृति क्या है? क्या इससे शैक्षणिक कार्यों में व्यवधान होता है? यदि हाँ तो क्या सरकार इस दिशा में कोई सुधारात्मक उपाय कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>22–10–2008 | *5. | क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में स्थापित उद्योगों द्वारा न्यूनतम वेतनमान एवं फैक्ट्री कानून का उल्लंघन किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस प्रकार के उद्योगों पर अंकुश लगाकर मजदूरों के शेषण को बन्द करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |

श्री प्रेमानन्द महाजन
23–10–2008

***6.** क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में पुराने उद्योगों व वर्तमान में स्थापित हो रहे उद्योगों में ठेकेदारी प्रथा के तहत श्रमिकों से कार्य लिया जा रहा है? क्या ठेकेदारी प्रथा बन्द करने के सम्बन्ध में शासन द्वारा कोई विचार किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों?

**श्रम**

**श्री सुरेन्द्र राकेश**
**23–10–2008**
**श्री कुवंर सिंह "चैम्पियन"**
**27–11–2008**

***7. विषय की पुनरावृति के आधार पर निरस्त।**

**गन्ना**

## अतारांकित प्रश्न

डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल
6–10–2008

**1.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा जसपुर जिला ऊधमसिंह नगर की कताई मिल में निष्प्रयोजित भूमि पर खेल स्टेडियम बनाने का विचार है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

**खेल**

डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल
10–10–2008

**2.** क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर, विधान सभा क्षेत्र जसपुर अन्तर्गत नादेही चीनी मिल द्वारा परिवर्तनीय दर (**CONVERSION COST**) पूर्व वर्षों में क्या थी एवं वर्ष 2007/2008 पिराई सत्र में क्या रही? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007/08 की परिवर्तनीय दर पूर्व वर्षों से ज्यादा है तो इसका क्या कारण रहा? सरकार इन कारणों पर क्या कार्यवाही कर रही है?

**गन्ना**

श्रीमती अमृता रावत
17–10–2008

**3.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के राजकीय बालिका इण्टर कालेज नमजला, मुनस्यारी में जीव विज्ञान का पद कब सृजित किया गया और इण्टरमीडिएट कक्षाओं में जीव विज्ञान विषय पढ़ने वाली छात्राओं की सत्रवार संख्या क्या है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त कालेज में प्रवक्ता (जीव विज्ञान) के पद पर वर्ष 2005 से नियुक्ति/तैनाती की गई है? यदि हाँ, तो बिना जीव विज्ञान विषय की छात्राओं के इस विद्यालय में प्रवक्ता (जीव विज्ञान) की नियुक्ति/तैनाती का औचित्य क्या है?

**शिक्षा**

श्रीमती अमृता रावत
17–10–2008

**4.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विद्यालयों का सुगम/दुर्गम क्षेत्रों का वर्गीकरण किस आधार और नीति के अन्तर्गत किया गया है और विद्यालयों का जनपद तथा विकास खण्ड मुख्यालय से दूरी सहित विवरण क्या है? क्या यह सत्य है कि सुगम एवं दुर्गम क्षेत्रों में विद्यालयों के वर्गीकरण करने में भारी अनियमितताएं की गई हैं और दुर्गम क्षेत्रों में स्थित अनेक विद्यालयों को सुगम क्षेत्रों में दिखाया गया है? यदि हाँ, तो इसका कारण और औचित्य क्या है तथा सुगम एवं दुर्गम क्षेत्रों में दिखाए गए विद्यालयों का तुलनात्मक विवरण क्या है?

**शिक्षा**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>17–10–2008 | **5.** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के स्थान सन्तूधार में स्थापित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय हेतु कोई क्रीड़ास्थल नहीं है? यदि हाँ, तो विद्यालय के छात्र–छात्राओं के लिए क्रीड़ा आदि गतिविधियों के संचालन हेतु क्रीड़ास्थल के निर्माण करवाए जाने की दिशा में सरकार द्वारा क्या योजना बनायी गयी है तथा कब तक क्रीड़ास्थल का निर्माण करा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>17–10–2008 | **6.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत संचालित राजकीय इण्टर कालेजों तथा राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक/प्रवक्ता/स्नातक वेतन क्रम में स्वीकृत /कार्यरत एवं रिक्त पदों का विवरण क्या है? क्या यह सत्य है कि सभी विद्यालयों में एक समान शिक्षण व्यवस्था न होने तथा शिक्षकों की तैनाती में असमानपूर्ण रवैया अपनाए जाने के कारण क्या हैं? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>17–10–2008 | **7.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विशेष कार्याधिकारी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या GE9784/2007(20) दिनांक 02 अगस्त, 2007 के द्वारा, जनपद पौड़ी गढ़वाल के राजकीय इण्टर कालेज बहेड़ाखाल में प्रधानाचार्य/प्रवक्ताओं एवं सहायक अध्यापकों के रिक्त पदों पर तैनाती सुनिश्चित करने विषयक, पत्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु सचिव, विद्यालयी शिक्षा को प्रेषित किया गया है? यदि हाँ, तो अब तक शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों के रिक्त पदों पर तैनाती/नियुक्ति करने के सम्बन्ध में सचिव विद्यालयी शिक्षा द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री तसलीम अहमद<br>21–10–2008 | **8.** क्या शिक्षा मंत्री जनपद–हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र–लालढांग के ग्राम–गैण्डीखाता के शहीद मनोज सिंह चौहान राजकीय हाईस्कूल का उच्चीकरण इण्टरमीडिएट स्तर तक, ग्राम–मौ0पुर कुन्हारी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय का उच्चीकरण जूनियर हाईस्कूल स्तर तक, ग्राम कंकरखाता राजकीय जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण हाईस्कूल स्तर तक तथा ग्राम–सुल्तानपुर आदमपुर में कन्या राजकीय जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण कन्या हाईस्कूल तक करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री नारायण पाल<br>21–10–2008 | **9.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के हल्द्वानी में अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम बनाये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त के सम्बन्ध में अब तक क्या प्रगति हुयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण पाल<br>21–10–2008 | **10.** क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सितारगंज उधमसिंह नगर, हरिद्वार व रूद्रपुर पन्तनगर में बन रहे औद्योगिक आस्थान सिडकुल के तत्वाधान में कितने कर्मचारी फैक्ट्री के व कितने ठेकेदारी प्रथा पर कार्यरत हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कर्मचारी किन संस्थाओं के अन्तर्गत कार्यरत हैं? | **श्रम** |
| श्री चन्दन राम दास<br>31–10–2008 | **11.** क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक खेल स्टेडियम बनाये जाने का प्रावधान है? यदि हाँ, तो क्या जनपद बागेश्वर में खेल स्टेडियम स्थापित किये जाने के लिए सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| श्री चन्दन राम दास<br>31–10–2008 | **12.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश में विशिष्ट बी0टी0सी0 का एक नया बैच प्रशिक्षण के लिए चयनित करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास<br>31–10–2008 | **13.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रा0जू0हा0 एवं रा0हाईस्कूलों के उच्चीकरण की कोई योजना शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो जू0हा0 आखलसों का उच्चीकरण किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री चन्दन राम दास<br>31–10–2008 | **14.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अशासकीय विद्यालयों के उच्चीकरण एवं प्रान्तीकरण की कोई योजना है? यदि हाँ, तो उ0मा0वि0 सिरकोट के उच्चीकरण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>04–11–2008 | **15.** क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के एथलीट सुरेन्द्र भण्डारी को उनके ओलम्पिक क्वालीफाई करने पर सरकार उन्हें सहायतार्थ राशि प्रदान कर सम्मानित करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **खेल** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>04–11–2008 | **16.** क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि बड़कोट जिला उत्तरकाशी के अन्तर्गत विदेशी मदिरा की दुकान यमुनोत्री यात्रा मुख्य मार्ग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित की जा रही है? क्या यह सत्य है कि विदेशी मदिरा की दुकानें राष्ट्रीय राजमार्ग, देव मंदिर विद्यालय आदि स्थानों पर नहीं चलाई जा सकती हैं? यदि हाँ, तो सरकार इस दिशा में क्या कदम उठा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आबकारी** |

| | | |
|---|---|---|
| कुँवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन'<br>10–11–2008 | **17.** क्या गन्ना मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार, तहसील लक्सर के ग्राम बसेड़ी में गत दो वर्ष पूर्व अन्तर ग्रामीण सड़क योजनान्तर्गत स्वीकृत 700 मी0 सड़क मार्ग को गन्ना विभाग द्वारा अब तक निर्मित न किये जाने के क्या कारण हैं?क्या सरकार सम्बन्धित के विरूद्ध यथासमय सड़क निर्मित न किये जाने के कारण कोई कानूनी कार्यवाही करेगी? उक्त मार्ग को जनहित में कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **गन्ना** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>10–11–2008 | **18** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के राजकीय इन्टर कालेजों में प्रधानाचार्यो के पद रिक्त हैं? यदि हॉ, तो क्या सरकार प्रधानाचार्यो की नियुक्ति शीघ्र करने जा रही है? यदि हॉ, तो क्या इसी शैक्षिक सत्र में नियुक्तियां कर दी जायेगी? यदि नही, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>10–11–2008 | **19** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के रा0 इ0 कालेज किनसुर, कूतणी भृगुखाल एवं सिलोगी के विद्यालय भवन क्षति ग्रस्त है? क्या सरकार उपरोक्त विद्यालयों के भवनों का निर्माण शीघ्र करायेगी? यदि नही, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>10–11–2008 | **20** क्या प्रशिक्षण एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2006–07 में दो आई0 टी0 आई0 (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) खोलने की स्वीकृति सरकार द्वारा की गई थी? यदि हॉ तो डेढ वर्ष के पश्चात् भी विकास खण्ड द्वारीखाल के स्थान देवीखेत एवं विकास खण्ड यमकेश्वर के स्थान गैडखाल में ग्रामीणों द्वारा भूमि दान का प्रस्ताव किये जाने पर भी कोई कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने की कार्यवाही करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **प्रशिक्षण एवं सेवायोजन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>19–11–2008 | **21.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि, तो जनपद पौड़ी गढ़वाल के स्थान जयहरीखाल में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के संचालन तथा छात्र–छात्राओं के लिए आवासीय व्यवस्था हेतु राज्य सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गयी है? क्या यह सत्य है कि भवन न होने के कारण वर्तमान शिक्षा सत्र में छठवीं कक्षा में 40 छात्र–छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जा सका है?यदि हॉ, तो छठवी कक्षा के संचालन एंव छात्र–छात्राओं के लिए आवासीय व्यवस्था हेतु भवन कब तक उपलब्ध करवाया जाऐगा? | **शिक्षा** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>20–11–2008 | **22.** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत वि0ख0 धारचूला/मुनस्यारी में जूनियर हाईस्कूल उच्छैती, सेरा, जाराजिबली, ढुँगातोली, गाला, गलाती, तोली (बरम) एवं जू0हा0 कनार का उच्चीकरण करने की कोई योजना बनाई गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>20–11–2008 | **23.** क्या प्रशिक्षण एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत बिन्ता एवं मासी में आई0टी0आई0 की स्वीकृति किस वर्ष प्रदान की गयी थी? क्या उक्त संस्थान में नियमित रूप से कक्षाऐं संचालित की जा रही है? यदि नही तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कक्षायें सरकारी भवन में संचालित की जा रही है या निजी भवन में? | **प्रशिक्षण एवं सेवायोजन** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>21–11–2008 | **24.** क्या प्रशिक्षण एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत अस्कोट में संचालित आई0टी0आई0 किस क्षेत्र के लिए शासन द्वारा स्वीकृत किया गया है? क्या भविष्य में उक्त आई0टी0आई0 प्रस्तावित क्षेत्र के लिए हस्तान्तरित किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **प्रशिक्षण एवं सेवायोजन** |
| श्री खजान दास<br>21–11–2008 | **25** क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढ़वाल के धनौल्टी विधान सभा अन्तर्गत रा0इ0का0 गरखेत में तैनात प्रधानाध्यापक के स्थानान्तरण की मांग विगत कई वर्षो से अभिभावक शिक्षक संघ एवं स्थानीय जनप्रतितिधियों द्वारा की जा रही है एवं इस संबंध में समय–2 पर सरकार को भी अवगत कराया जा चुका है? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी उक्त विद्यालय के प्रधानाचार्य का स्थानान्तरण करेंगे? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **शिक्षा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>7–10–2008 | **26.** क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में पर्वतीय एवं मैदानी क्षेत्रों में सोलर पावर फैन्सिंग की स्थापना हेतु कृषकों को क्या सुविधाएं तथा रियायतें प्रदान की जा रही हैं? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>13–10–2008 | **27.** क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में भूगर्भीय ऊर्जा का कोई सर्वे भारत सरकार के वैकल्पिक ऊर्जा विभाग द्वारा किया गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार की उक्त योजना के अन्तर्गत विद्युत उत्पादन की कोई योजना है? यदि है तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |